## खबर संक्षेप

### 25 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 25 लाख की रंगदारी मांगने के केस में शामिल रहे एक आरोपी को बिंदापुर व एएटीएस टीम ने गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान हरि विहार, ककरौला निवासी परमजीत (38) के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को इस मामले को लेकर पीड़ति प्रेम सिंह ने शिकायत दर्ज करायी थी। उनका कहना था कि 25 लाख की रंगदारी मांगने के साथ ही उसकी कुछ प्रॉपर्टी भी उसके नाम करने की धमकी दी जा रही है। आरोपी पुलिस को बताने पर जान से हाथ धोने की बात भी कह रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये बिंदापुर थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

### चोरी के मामले में दंपति समेत पांच पकड़े

**नई दिल्ली।** फर्श बाजार थाना पुलिस ने चोरी के मामले में पति-पत्नी समेत पांच को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के नाम अली मोहम्मद, मो.करीम, शेख सुमन, खयरुल मलिक और मर्जिना उर्फ मुन्नी हैं। पुलिस की माने तो आरोपी अली मोहम्मद, करीम व शेख सुमन ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जबकि खयरुल मलिक रिसीवर है। आरोपी मर्जिना आरोपी अली मोहम्मद की पत्नी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के कुछ गहने बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी शाहदरा ने बताया कि गत 28 जून को फर्श बाजार के भोलानाथ नगर में रहने वाले बालेश्वर के घर में चोरी की शिकायत दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि बदमाश घर से गहने व नकदी लेकर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वारदात के पीछे आरोपी अली मोहम्मद का हाथ है, जोकि सीमापुरी थाने का घोषित बदमाश है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी पर 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी करीम व शेख सुमन के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। बाद में पुलिस ने तीनों को सीमापुरी से गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले की जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने दिल्ली जल बोर्ड को केजरीवाल सरकार का सबसे भ्रष्ट विभाग बताते हुए इसके लेखों की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से कराने की मांग की है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.वी.सी.) को लिखे एक पत्र में श्री गुप्ता ने कहा कि साल 2012-13 से लेकर अब तक जलबोर्ड की कोई बैलेंस शीट तैयार नहीं हुई। इतना ही नहीं साल 2012 से 2017-2018 के बीच बजट प्रावधानों से अधिक खर्च का कोई कारण नहीं बताया गया और न ही लेखा-जोखा दिया गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जलबोर्ड की किसी भी बैलेंस शीट का ऑडिट नहीं हुआ और बोर्ड भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा 'अड्डा' बन चुका है। उन्होंने सतर्कता आयोग से कहा कि जलबोर्ड ने 10 वर्षों में कोई बैलेंस शीट तैयार क्यों नहीं की और अगर की तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया।

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, पांच युवतियों समेत सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**तमिलनाडु के लोगों को बनाते थे निशाना**




■ आरोपियों के पास से 12 फोन, पांच सिम कार्ड, स्नैपडील की मोहरें व अन्य सामान बरामद

रोहिणी जिला पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए में पांच युवतियां भी शामिल है। आरोपियों के नाम राजन कुमार (22), सोनू कुमार (22), ज्योति (22), संगीता (25), धनलक्ष्मी (29), पुष्पा (34) और प्रिया (24) है। पुलिस की माने तो आरोपी लक्की ड्रॉ में महिंद्रा की एक्सयूवी 500 कार जीतने का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी करते थे। आरोपी स्नैपडील से डाटा चोरी कर लोगों को फोन करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक दर्जन मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड, स्नैपडील के नौ रबर की मोहरें समेत अन्य सामान बरामद किया हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (रोहिणी) प्रणव तायल ने बताया कि गत सोमवार को नॉर्थ रोहिणी में तैनात एसआई मनोज कटारिया को सेक्टर-आठ, रोहिणी स्थित बी -6/174-175 की दूसरी मंजिल पर एक फर्जी कॉल सेंटर चलने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। टीम को मौके से दो पुरुष और पांच महिलाएं मोबाइल फोन पर बात करते हुए मिले। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। सभी आरोपी महिलाएं मूलरूप से तमिलनाडु की रहने वाली हैं। जो तमिलनाडु महिलाओं से उनकी भाषा मे आराम से बात करके उनको अपनी ठगी के जाल में आसानी से फंसा लिया करती थी।

**कार का लालच देकर करते थे ठगी**

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे तमिलनाडु के लोगों को अपना शिकार बनाते थे। गिरोह लोगों को बताता था कि उन्होंने महिंद्रा की एसयूवी 500 कर जीत ली है, जिसकी कीमत 12 लाख 80 हजार रुपए है। इसके लिए ग्राहक को बताया जाता था कि आपको कार लेने के लिए एक प्रेसीडेंट यानी 12 हजार आठ सौ रुपए का भुगतान करना होगा। लोभ में आकर लोग उनके बताए गए खाते में रकम जमा करवाते थे। बाद में आरोपी उस नंबर को बंद कर देते थे।

## पालम एक्सटेंशन इलाके की घटना

# घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

पालम एक्सटेंशन इलाके में घर के बाहर सो रहे एक बुजुर्ग की सिर में गोली मारकर हत्या की कर दी गई। बुजुर्ग की पहचान अजीत सिंह (62) के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोस में रह रहे मृतक के भाई किशन सिंह व उसके दोनों बेटों पर लगाया है। घटनास्थल पर पहुंची क्राइम व फोरेंसिक जांच टीमों को मौके पर खाली कारतूस मिला हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ संदिग्धों की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

डीसीपी संतोष कुमार मीणा के अनुसार मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घटना की जानकारी मिली। पुलिस के सीनियर अफसर व आईओ हरिजन बस्ती पालम एक्सटेंशन मौके पर पहुंचे। टीम ने देखा कि अजीत सिंह का शव मकाननंबर ए2 के बाहर चारपाई पर पड़ा था। साथ ही आसपास काफी खून भी बिखरा पड़ा था। पुलिस को उसकी चारपाई से ही 7.62 कैलीबर का गोली का खोखा भी बरामद हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। अजीत सिंह के बेटे राजेश ने पुलिस को बताया कि उसके घर का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य करने के दौरान सीमेंट के छींटे ताऊ किशन सिंह के मकान पर पड़ गए थे। इसके बाद उसके ताऊ ने अपने बेटे राजबीर के साथ मिलकर पिता अजीत से सोमवार को पूरे दिन झगड़ा किया। उनसे हम सभी ने कहा कि मेरा मकान बनने के बाद आपके मकान को पेंट करा देंगे, लेकिन वे बार-बार जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही पूरे दिन मेरे घर के आसपास कुछ अन्य लड़कों के साथ घूमते दिखाई दिए। राजेश ने कहा कि सोमवार रात को उसके पापा अजीत सिंह खाना खाने के बाद घर के बाहर सो गए थे। सुबह पौने छह बजे जब मेरी मां जगी तो देखा कि बारिश हो रही है। वह बाहर गई तो पापा को बारिश में भींगते हुए देखा।

इसके बाद मां ने पापा को आवाज लगाई लेकिन उनके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जब मां ने पास जाकर देखा तो पापा के सिर में गोली लगी हुई थी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। परिजनों का यह भी कहना है कि घर में कूलर चलने की वजह से गोली चलने का पता नहीं चल पाया। पुलिस के अनुसार संदिग्ध आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनके परिवार के कुछ सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## यमुनापार में दो जगहों पर हुई फायरिंग, कोई हताहत नहीं



■ फर्श बाजार में बदमाशों ने लूटी स्कूटी

**नई दिल्ली।** फर्श बाजार थाना इलाके में तीन बेखौफ बदमाशों ने एक कारोबारी पर सरेराह फायरिंग कर दी। इसके बाद बदमाश ने कारोबारी की स्कूटी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। स्कूटी लूटकर बदमाश हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित नवीन गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नवीन गुप्ता, विश्वास नगर इलाके में सपरिवार रहता हैं। उसका फर्श बाजार इलाके में ज्वेलरी का काम है। सोमवार रात करीब 9:20 बजे वह दुकान बंद कर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह कुंती मार्ग पर पहुंचे। यहां वह स्कूटी रोककर गोल गप्पे खाने लगे। इस बीच तीन युवक उनके पास आए और उनकी स्कूटी की चाबी मांगने लगे। चाबी न देने पर बदमाशों ने पिस्टल निकालकर हवाई फायरिंग कर दी। इससे वह बुरी तरह डर गया। इसके बाद बदमाश ने उससे चाबी छिनी और स्कूटी लूटकर फरार हो गया।

**पति पर लगाया आरोप**

गांधी नगर थाना इलाके में सोमवार रात एक महिला वकील के घर के बाहर दो लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने अपने पति पर फायरिंग करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता कल्पना बंसल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। कल्पना, अपने माता-पिता के साथ कैलाश नगर में रहती हैं। वर्ष 2014 में उसकी शादी गांवड़ी गांव निवासी अरुण से हुई थी। सोमवार रात को वह अपने घर पर थी। इसी दौरान रात करीब 10:50 बजे एक स्कूटी पर सवार दो लोगों ने घर के बाहर फायरिंग कर दी।

### जन्मदिन मनाने के लिए घरवालों ने नहीं दिए रुपये तो की झपटमारी



**नई दिल्ली।** मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने झपटमारी के मामले में बीएसईएस के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहित गौतम उर्फ लव (31) है। पुलिस की माने तो आरोपी ने जन्मदिन मनाने के लिए एक महिला से कान का कुंडल झपट लिया था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (शाहदरा) आर.साथिया सुंदरम ने बताया कि गत 23 जुलाई को मानसरोवर पार्क में एक महिला से बाइक सवार बदमाश ने कान के कुंडल छीने थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान बदमाश की महंगी बाइक सीसीटीवी कैमरे में कैद मिली, लेकिन उसके दोनों नंबर प्लेट खाली थे। जांच के दौरान पुलिस को मंडोली में एक शराब की दुकान पर आरोपी की बाइक दिखी। जिसके नंबर प्लेट खाली थे। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी मोहित ने बताया कि उसे नशे की लत है। उसके जन्मदिन वाले दिन उसके घर वाले उसे रुपये नहीं दे रहे थे। ऐसे में उसने वारदात को अंजाम दिया।

# मुठभेड़ में फरार हुआ बदमाश भी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ काला जठेड़ी गैंग का है मेंबर

एसटीएफ द्वारका सेक्टर-23 ने काला जठेड़ी गिरोह के कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। इसका नाम दिचाऊं कला गांव निवासी कर्मबीर शौकीन (32) के रूप में हुई है। करीब 21 मामलों में इसकी संलिप्तता पाई गई है। 20 जुलाई को द्वारका पुलिस की मुठभेड़ में यह बच निकला था। इसका साथी राहुल पकड़ा गया था। पुलिस ने इनके पास से दो देशी कट्टे भी बरामद किये थे। गिरफ्त में आया यह बदमाश बाबा हरिदास नगर थाने का बीसी है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार मीणा ने बताया कि कर्मबीर को दबोचने के लिए एसीपी सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की थी। बदमाश पुलिस से बचने के लिए कई बार अपनी लोकेशन बदल रहा था।

उस तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम ने उसके कई जानकारों से भी पूछताछ की। इस बीच एएसआई आशोक को सूचना मिली कि 25 जुलाई को कर्मवीर अपने एक रिश्तेदार से पैसे लेने के लिए झाड़ौदा गांव आएगा। तुरंत पुलिस टीम ने झाड़ौदा मंदिर के पास जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में इसने बताया कि जुलाई में उसकी पड़ोसी के साथ झड़प हो गई थी। इस दौरान पड़ोसी ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी।

उसी का बदला लेने के लिए उसने राहुल उर्फ काला के साथ मिलकर पड़ोसी को जान से मारने की योजना बनाई थी। इसके लिए उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से दो पिस्टल व कारतूस मंगाए थे।

# अन्ना गिरोह के दो बदमाश पकड़े दर्जनों संगीन मामलों मे थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका जिले की एएटीएस टीम ने अन्ना गिरोह के दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम खेड़ा डाबर निवासी लगन शर्मा उर्फ मोनू (35) व गोपाल नगर निवासी आनंद उर्फ अन्ना (40) है। दोनों कुख्यात बदमाश शक्ति शारदा के भाई की हत्या में शामिल रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किये हैं। लगन शर्मा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, लूट व चोरी जैसे 14 और आनंद के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। लगन जाफरपुर कलां थाने का बीसी है। द्वारका जिला के पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार मीना ने बताया कि 24 जुलाई को कांस्टेबल परविंदर को मुखबिरों से सूचना मिली कि लगन शर्मा अपने एक साथी के साथ अवैध हथियार लेकर छावला इलाके के ईस्ट कृष्णा नगर में आने वाला है। जिसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने बदमाशों को दबोचने में कामयाबी हासिल की।

# इंस्टाग्राम पर सस्ते फोन का लालच देकर ठगी करने वाला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आरोपी के सोशल साइड पर है एक लाख चार हजार फॉलोअर्स

नॉर्थ जिले के साइबर सेल ने एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है, जिसके इंस्टाग्राम पर एक लाख चार हजार फॉलोअर्स है। आरोपी इंस्टाग्राम पर ही लोगों को सस्ते में फोन बेचने का लालच देकर ठगी करता था। पकड़े गए आरोपी का नाम योगेश तिवारी (22) है। आरोपी पर्वतीय कॉलोनी पार्ट-एक, एनआईटी-फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस की माने तो आरोपी लोगों का भरोसा जीतकर उन्हें सवा लाख का आईफोन-12, महज 25 हजार में देने का झांसा देता था। बाद में रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के बाद पीड़ितों के नंबर को ब्लॉक कर देता था। तमिलनाडु के एक पीड़ित ने तो आरोपी की ठगी का एक वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डाला हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से चार मोबाइल फोन, नौ सिम कार्ड और बाइक बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (नॉर्थ) अंटो अल्फोंस ने बताया कि मल्कागंज निवासी एक महिला ने पुलिस को लिखित में शिकायत दी। उसने शिकायत में पुलिस को बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर फोनोफी नाम से एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दावा किया गया था कि सवा लाख का आईफोन-12 प्रो पच्चीस हजार में बेचा जाएगा। इस पर महिला उसके झांसे में आ गई और उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया।

बातचीत के दौरान आरोपी ने पीड़िता से अपने खाते में 24,290 रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता को जब फोन नहीं मिला तो उसने आरोपी से फिर से संपर्क किया। इस दौरान आरोपी ने उसे ब्लॉक कर दिया। ठगी का पता चलने पर उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। सब्जी मंडी थाने में मामला दर्ज कर लिया। लोकल पुलिस के अलावा आरोपी को पकड़ने का जिम्मा साइबर सेल को सौंपा गया। टीम ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई तो पुलिस को यूट्यूब पर एक और पीड़ित का वीडियो मिला, जिसमें वह ठगी की बात कर लोगों से सावधान रहने की गुजारिश कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर आरोपी का पता लगाया। जांच के दौरान आरोपी का नंबर बिहार में रजिस्टर्ड मिला, लेकिन उसकी लोकेशन फरीदाबाद की मिली। टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को पकड़ लिया।

**AMS POLYMERS LIMITED**
(Formerly, SAI MOH AUTO LINKS LIMITED)
CIN: L34300DL1985PLC020510
Regd.: C-582, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi-110034
Email Id: polymersams@gmail.com
website: www.amspolymers.com
Tel.:91-11-27032702 | Fax: 91-11-27032702

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on **Thursday, the 05th Day of August, 2021** at the Regd. Office of the Company, inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results for the quarter ended on June 30, 2021 pursuant to Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015.

The said Information is also available at the Company's website at **www.amspolymers.com** and at the BSE's website i.e. **www.bseindia.com**

By Order of Board
For AMS Polymers Limited

Sd/-
Chiranjivi Ramuka
Company Secretary
Membership No.: A65678

Place: Delhi
Date: 27.07.2021

## कोटला मुबारकपुर में चैकिंग के दौरान की घटना

# तेज बारिश के बीच शूटआउट में दबोचे दो मेवाती बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






■ चोरी की बाइक और दो पिस्टल बरामद

तेज बारिश के बीच मंगलवार सुबह दक्षिण जिले की कोटला पुलिस ने शूटआउट के बाद दो मेवाती बदमाशों को अरेस्ट कर लिया। इनके पास से चोरी की बाइक और दो पिस्टल बरामद हुई। घटना में दोनों गोली लगने से जख्मी हुये हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय जुनैद और 40 वर्षीय इकबाल के तौर पर हुई है। दोनों नूंह हरियाणा के रहने वाले हैं। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार मंगलवार सुबह गुरुद्वारा रोड कोटला मुबारकपुर इलाके में चैकिंग की जा रही थी। सुबह करीब साढ़े सात बजे बाइक सवार दो लोगों ने पुलिस को देखते ही यूटर्न ले लिया और वहां से भागने की कोशिश की। यह देख पुलिस ने उनका पीछा शुरु किया।

थाने से अतिरिक्त पुलिस बल को बदमाशों के पीछे लगाया। आखिर में पुलिस ने ओ ब्लॉक सेवा नगर फ्लैट के पास दोनों बदमाशों को घेरकर सरेंडर करने के लिये कहा। लेकिन बदमाशों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलायी, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। इसके बाद उन्हें काबू कर अस्पताल में भर्ती करवाया।

पुलिस को इनके पास से दो देसी पिस्तौल भी मिली। आरोपी जुनैद के ऊपर सात अपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। इन्होंने गोविंदपुरी इलाके से बाइक चोरी की थी और अब कोटला मुबारकपुर में भी बाइक चोरी के इरादे से घूम रहे थे।

## चाइनीज मांझे की चपेट में आकर युवक की कटी गर्दन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अस्पताल में चल रहा है इलाज

स्वतंत्रता दिवस के करीब आते ही राजधानी में पतंगबाजी शुरू होने लगती है। उधर, दुकानदार अपना मुनाफा देखते हुए राजधानी में चाइनीज मांझा प्रतिबंधित होने के बाद भी लगातार बेचा जा रहे है। ऐसे में यमुनापार में चाइनीज मांझा अपना कहर बरपा रहा है। इस मांझे की चपेट में आकर कई लोग घायल हो चुके है। ताजा मामला शास्त्री पार्क फ्लाईओवर का है। यहां रविवार दोपहर को मांझे की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवक का गला और बाएं हाथ की पांच उंगलियां कट गईं। उसे गंभीर हालात में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। इस हादसे में युवक की जान जाते जाते बची है। इससे पहले पुलिस ने जाफराबाद इलाके से एक शख्स को मांझा बेचते हुए भी पकड़ा था।

**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN NO.: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110092
Phone No.: 011-22727486,
Email: info@sidhmanagement.in,
Website: www.sidhmanagement.in

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 जून 2021 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों तथा एजेंडा के अनुरूप अन्य मामलों पर विचार करने और अनुमोदन करने अथवा रिकार्ड पर लेने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 05 अगस्त 2021 को अप. 1.00 बजे इसके पंजीकृत कार्यालय ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092 में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी द्वारा बनाई गई आचार संहिता के साथ पठित सेबी (अनाधिकृत व्यापार निषेध) नियमनों 2015 के तहत ट्रेडिंग विंडो कम्पनी के सभी पदनामित व्यक्तियों और उनके सम्बन्धियों हेतु 01 जुलाई 2021 से 07 अगस्त 2021 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लि.
हस्ता/-
महेश पुरोहित
कम्पनी सचिव-सह-अनुपालन अधिकारी

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 27.07.2021